भारत सरकार
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय
(खेल विभाग)

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 1117**

उत्तर देने की तारीख 10 फरवरी, 2025
21 माघ, 1946 (शक)

**मुर्शिदाबाद में खेल अकादमी और प्रशिक्षण केंद्र**

**1117. श्री अबू ताहेर खान:**

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने पश्चिम बंगाल में विशेष रूप से मुर्शिदाबाद संसदीय क्षेत्र में युवाओं के लिए खेल बुनियादी ढांचे के प्रशिक्षण और कोचिंग सुविधाओं के विकास के लिए धन आवंटित किया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी वर्षवार ब्यौरा क्या है; और

(ग) पश्चिम बंगाल में मुर्शिदाबाद संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में राष्ट्रीय खेल अकादमी स्थापित करने तथा ग्रामीण युवाओं को खेल गतिविधि में बढ़ावा देने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं या उठाए जाने का प्रस्ताव है?

**उत्तर**

**युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री**

**(डॉ. मनसुख मांडविया)**

(क) से (ख): 'खेल' राज्य का विषय होने के कारण, खेल अवसंरचना, ट्रेनिंग और कोचिंग सुविधाओं के विकास की जिम्मेदारी मुख्य रूप से राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकारों की है। केंद्र सरकार केवल महत्वपूर्ण कमियों को दूर कर उनके प्रयासों में सहायता करती है। इस मंत्रालय में निधियों का आवंटन स्कीम-वार किया जाता है, न कि राज्य-वार।

पिछले तीन वर्षों के दौरान इस विभाग की खेल विकास स्कीमों/कार्यक्रमों के अंतर्गत आवंटित धनराशि का विवरण **अनुबंध-I** पर दिया गया है।

(ग) पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद संसदीय क्षेत्र में राष्ट्रीय खेल अकादमी की स्थापना के लिए कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है। तथापि, एथलीटों को प्रशिक्षण देने के लिए पश्चिम बंगाल राज्य में 2 राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र (एनसीओई), 4 साई प्रशिक्षण केंद्र (एसटीसी) और 2 विस्तार केंद्र चालू हैं। उपरोक्त केंद्रों में कुल 398 एथलीटों (लड़के और लड़कियों) को प्रशिक्षित किया जा रहा है। इसके साथ ही, खेलो इंडिया स्कीम के तहत, पश्चिम बंगाल राज्य में 13 खेलो इंडिया केंद्र (केआईसी) और 10 खेलो इंडिया मान्यताप्राप्त अकादमियाँ (एए) अधिसूचित की गई हैं । उपरोक्त केंद्रों में कुल 112 एथलीटों (लड़के और लड़कियों) को प्रशिक्षित किया जा रहा है।

**अनुबंध-I**

**"मुर्शिदाबाद में खेल अकादमी और प्रशिक्षण केंद्र" के संबंध में श्री अबू ताहिर खान, माननीय लोकसभा सदस्य द्वारा दिनांक 10.02.2025 को पूछे गए लोकसभा अतारांकित प्रश्न सं. 1117 के भाग (क) से (ख) के उत्तर में संदर्भित विवरण।**

पिछले तीन वर्षों के दौरान खेल विभाग की खेल विकास स्कीमों/कार्यक्रमों के अंतर्गत आवंटित धनराशि

| वित्तीय वर्ष | बजट आवंटन (करोड़ रुपये में) |
|---|---|
| 2021-22 | 1993.00 |
| 2022-23 | 1907.69 |
| 2023-24 | 2380.86 |

*****